कार्यालय वन मण्डल अधिकारी उत्तर वन मंडल सागर म.प्र.

E-mail :- dfonsagar@mpforest.org: dfotnsagar@mp.gov.in: Phone & Fax No. :- 07582-236337

क्रमांक/मा.चि./19/ 1778 सागर, दिनांक 1-7-19

प्रति,

परियोजना प्रबंधक
बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग
सागर म.प्र.

विषय :- वन मंडल उत्तर सागर के अंतर्गत बण्डा सिचाई परियोजना के अंतर्गत प्रभावित वनभूमि का वन प्रकरण प्रस्तुत करने बावत्।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक/638/कार्य/2019-20 दिनांक 13.06.2019.

-- 0 --

विषयांकित परियोजना में आपके संदर्भित पत्र से प्रस्ताव की हार्ड कापी 01 प्रति में प्राप्त हुई है, परीक्षण करने पर निम्नानुसार स्थिति पायी गयी है :-

1) ऑन लाईन दर्ज प्रस्ताव में वनभूमि रकवा 493.71 हे. की मांग की गयी है, मौका स्थल निरीक्षण अनुसार परियोजना हेतु 505.50 हे. सीमांकित की गयी है।

2) वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों में मांग की गई वनभूमि के प्रस्ताव के पंजीयन शुल्क की राशि रूपये 1000/- एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रूपये 15000/- कुल राशि रूपये 16000/- का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत नहीं किया गया है।

3) परियोजना हेतु संयुक्त रूप से सीमांकित की गयी वनभूमि में लगाये गये सीमा चिन्ह क्रमशः एफ.टी.एल., एफ.टी.एल-2, एफ.टी.एल.-4 अनुसार पृथक-पृथक प्रभावित वनभूमि का रकवा एवं उसमें खड़े हुए वृक्षों की मार्किंग का रिकार्ड पृथक-पृथक प्रस्तुत नहीं किया गया।

अतः प्रस्ताव में पायी गयी उपरोक्त कमियों की पूर्ति की जाकर पुनरीक्षित ऑन लाईन प्रस्ताव दर्ज करें तथा हार्ड कापी में प्रस्ताव 05 प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जावें।

संलग्न - मूलतः प्रस्ताव 01 प्रति में

1.7.19

वन मंडल अधिकारी
उत्तर वन मंडल, सागर

पृ.क्रमांक/मा.चि./2019/ 1779 सागर, दिनांक 1-7-19

प्रतिलिपि :- उप वन मंडल अधिकारी उत्तर सागर को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/मा.चि./2183 दिनांक 04.08.2018 एवं अन्य 10 स्मरण पत्र के अनुक्रम में लेख है कि आपसे अपेक्षित जानकारी इस कार्यालय को अतिशीघ्र भेजें, प्रस्ताव वर्तमान में वन मंडल स्तर पर लंबित है। विलंब के कारण कोई भी विपरीत स्थिति निर्मित होती है तो आपका कार्यालय उत्तरदायी होगा।

2) वन परिक्षेत्र अधिकारी बांदरी/उत्तर सागर को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/मा.चि./2183 दिनांक 04.08.2018 एवं अन्य 10 स्मरण पत्र। आपसे अपेक्षित जानकारी इस कार्यालय में निम्न प्रारूप में भेजें :-

सीमांकित वनभूमि में खड़े वृक्षों का गणना पत्रक

सीमांकित क्षेत्र	वृक्ष प्रजाति का नाम	21-30 से.मी.	31-60 से.मी.	61-90 से.मी.	91-120 से.मी.	121-150 से.मी.	151 से ऊपर	योग
एफ.टी.एल.								
एफ.टी.एल.-2								
एफ.टी.एल.-4								

वन मंडल अधिकारी
उत्तर वन मंडल, सागर

29/06/19

29/6/19